>

Title:Need to undertake widening and repair of Kanpur-Sagar and Jhansi-Mirzapur sections of National Highways in Uttar Pradesh as per specified norms and standards.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर-महोबा के अंतर्गत राÂष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर-सागर में हमीरपुर से कैमाहा जनपद महोबा एवं राÂट्रीय राजमार्ग झांसी-मिर्जापुर में देवरी बांध से लेकर मटौंध तक सड़क की हालत बहुत ही खराब है। पिछले कई वÂाोंं से लगातार मैं सदन के माध्यम से भारी यातायात को देखते हुए चार लाइनों में बदलने की मांग करता आ रहा हूं। अभी हाल में 16-17 फरवरी को हमीरपुर मुख्यालय में जमुना एवं वेतवा नदी पर बने पुल के संकरे होने के कारण वाहन सीधे नदी में जा गिरे, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। अभी तक दर्जनों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें सैंकड़ों लोग मारे गये हैं। देवरी बांध से पनबाड़ी तक लगभग तीन महीनों से सड़क खुदी हुई पड़ी है, जिसका निर्माण कार्य शासन से स्वीकृत है। दोनों राजमार्गों पर उचित मानकों के अनुरूप सड़क न होने के कारण प्रायः भारी जाम की स्थिति चौबीसों घंटे बनी रहती है। उक्त दोनों मार्गों पर रोडवेज की बसें, निजी गाड़ियां एवं कवरई से हजारों पत्थरों से लदे ट्रक तथा हमीरपुर से बालू से लदे हुए सैकड़ों ट्रक प्रतिदिन चलते हैं।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि राÂट्रीय राजमार्ग कानपुर-सागर एवं झांसी-मिर्जापुर राÂट्रीय राजमार्ग पर अत्यधिक दबाव एवं बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण का जो भी स्वीकृत निर्माण कार्य चल रहा है उसे मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप तुंत पूरा कराया जाये तथा मृतकों को मुआवजा दिया जाये एवं उक्त दोनों राÂष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेने में परिवर्तित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कÂट करें।